भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 29

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की स्थापना

+29. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र के जनजातीय क्षेत्रों विशेषकर नंदुरबार निर्वाचन क्षेत्र में नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकांत मजूमदार)

(क) से (ड.) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले 3 वर्षों अर्थात 2021 से 2023 के दौरान महाराष्ट्र राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में 51 नए आईटीआई खोलने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। 51 में से 3 प्रस्ताव सरकारी आईटीआई खोलने के लिए हैं और 48 प्रस्ताव निजी आईटीआई खोलने के लिए हैं। इसमें नंदुरबार जिले में निजी आईटीआई खोलने के 3 प्रस्ताव शामिल हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने आगे बताया है कि मान्यता और संबद्धता संबंधी स्थायी समिति (एससीएए) निर्धारित संबद्धता मानदंडों के अनुसार प्रस्तावों की जांच करती है और वर्ष 2018 में जारी आईटीआई के लिए निर्धारित मानदंडों की पूर्ति या अन्यथा के आधार पर निर्णय लिया जाता है।

पिछले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2021 से 2023 के दौरान महाराष्ट्र राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में 23 नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं। पिछले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2021 से 2023 के दौरान महाराष्ट्र राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में नए आईटीआई खोलने और आईटीआई स्थापित करने के लिए प्राप्त आवेदनों की जिलेवार संख्या का विवरण अनुलग्नक पर संलग्न है।

******

<u>अनुलग्नक</u>

'नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की स्थापना' के संबंध में माननीय संसद सदस्य **एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी** द्वारा दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 29 के भाग (ग) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों में, अर्थात् 2021 से 2023 तक, महाराष्ट्र राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में नए आईटीआई खोलने के लिए प्राप्त आवेदनों और स्थापित आईटीआई की जिलेवार संख्या।

क्र.सं.	महाराष्ट्र के जिले	नये आईटीआई खोलने के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या			स्थापित आईटीआई की संख्या		
		सरकारी	निजी	कुल	सरकारी	निजी	कुल
1.	अहमदनगर	0	2	2	0	1	1
2.	अमरावती	0	2	2	0	1	1
3.	चंद्रपुर	0	2	2	0	2	2
4.	धुले	0	4	4	0	2	2
5.	गडचिरोली	1	0	1	1	0	1
6.	गोंदिया	1	3	4	1	0	1
7.	हिंगोली	0	3	3	0	1	1
8.	जलगांव	0	7	7	0	5	5
9.	नागपुर	0	1	1	0	0	0
10.	नांदेड़	1	9	10	0	1	1
11.	**नंदुरबार**	**0**	**3**	**3**	**0**	**0**	**0**
12.	नासिक	0	3	3	0	3	3
13.	पालघर	0	0	0	0	0	0
14.	पुणे	0	4	4	0	3	3
15.	रायगढ़	0	1	1	0	0	0
16.	ठाणे	0	1	1	0	1	1
17.	यवतमाल	0	3	3	0	1	1
कुल		**3**	**48**	**51**	**2**	**21**	**23**

*****